**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक: 20.09.2024** **समय : 18.30 पीएम**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शिल्पकारों से विश्वकर्मा योजना का लाभ उठाकर उद्यमी और व्यापारी बनने की अपील की।
- राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने जनजातियों के सर्वांगीण उत्थान के लिये बुनियादी शिक्षा में सुधार पर बल दिया।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज जयपुर में ब्रिटिश उप उच्चायुक्त स्टीव हिकलिंग के साथ राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट में ब्रिटिश निवेशकों की सहभागिता पर चर्चा की।
- प्रदेश में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज शिल्पकारों से अपील की है कि वे प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का लाभ उठाकर उद्यमी और व्यापारी बनें। श्री मोदी महाराष्ट्र के वर्धा में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की वर्षगांठ पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए परंपरागत कौशल को बढ़ावा देने की महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना के लाभों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि परम्परागत व्यवसाय का उत्पादन बढाने के लिए लाभार्थियों को आधुनिक उपकरण दिये गये हैं।

.....................

प्रधानमंत्री ने कहा कि योजना के अधिकतर लाभार्थी अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के हैं। कार्यक्रम के दौरान श्री मोदी ने प्रधानमंत्री मित्र वस्त्र पार्क का भी शिलान्यास किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह पहल भारत के गौरव को पुर्नस्थापित करने में सहायता करेगी।

....................

श्री मोदी ने इस योजना के अंतर्गत एक लाख से अधिक लाभार्थियों को डिजिटल पहचान पत्र और डिजिटल कौशल प्रमाण पत्र भी जारी किये। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने 75 हजार लाभार्थियों को डिजिटल ऋण स्वीकृति पत्र भी जारी किये।

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से जयपुर आईटीआई से योजना के प्रशिक्षित लाभार्थी वर्चुवली जुड़े। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन के अनुसार इस योजना में 18 पारम्परिक कलाओं से जुड़े कारीगरों और शिल्पकारों को आगे बढ़ने का अवसर मिला है।

उन्होंने कहा कि यह योजना हाथ के कारीगरों, हुनरमंद कलाकारों के लिए वरदान साबित हो रही है। छोटे स्तर पर काम करने वाले इन कारीगरों शिल्पकारों को व्यवसाय आगे बढ़ाने के लिए आसानी से ऋण मिल रहा है, कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है, और टूलकिट खरीदने के लिए **ई–वाउचर** दिए जा रहे हैं। कार्यक्रम को जयपुर की सांसद मंजू शर्मा ने भी संबोधित किया।

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की पहली वर्षगांठ के अवसर पर आज बाड़मेर जिले के रामसर में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आईटीआई लाभार्थियों के साथ वर्चुअली संवाद किया। कार्यक्रम में वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री के.के. विश्नोई भी मौजूद थे।

000

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि सरकार ने आयुष्मान भारत– प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का विस्तार करने का एक बड़ा निर्णय लिया है, जिसमें 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के सभी लोगों को शामिल किया जाएगा। नई दिल्ली में मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में अपने मंत्रालय की 100 दिन की उपलब्धियों के बारे में बताते हुए उन्होंने ये जानकारी दी। श्री नड्डा ने कहा कि इसका उद्देश्य लगभग 4 करोड़ 50 लाख घरों में छह करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को पांच लाख रुपये का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा प्रदान करना है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में पहले सौ दिनों में किये गये महत्वपूर्ण कामों के बारे में जानकारी देने के लिए आकाशवाणी जयपुर के प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में विशेष श्रृंखला चलाई जा रही है। आज हम आपको बता रहे हैं सरकार द्वारा स्टार्ट अप ईको सिस्टम के संबंध में लिए गए फैसलों के बारे में।

..................

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने जनजातियों के सर्वांगीण उत्थान के लिए बुनियादी शिक्षा में सुधार तथा प्राथमिक शिक्षा को बेहतर बनाने पर जोर दिया है। राज्यपाल आज बांसवाड़ा में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। राज्यपाल ने केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अधिकाधिक पात्र लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के बाकी रहे कार्यों को शीघ्र पूरा करने, जल जीवन मिशन की गतिविधियों के बेहतर संपादन और सौर ऊर्जा से संबंधित कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये। राज्यपाल ने साक्षरता अभियान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम सहित अन्य अभियानों और कार्यक्रमों के बेहतर संपादन पर जोर देते हुए अधिकारियों से कहा कि वे विद्यालयों में बनने वाले पोषाहार की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित निरीक्षण करें। उन्होंने पशुपालन गतिविधियों पर ध्यान देते हुए दुग्ध उत्पादक पशुपालकों का जीवनस्तर सुधारने के निर्देश भी दिए।

000

................

ब्रिटिश उप उच्चायुक्त स्टीव हिकलिंग ने आज जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात की। इस दौरान श्री शर्मा ने श्री हिकलिंग से आगामी 9 से 11 दिसंबर तक राजस्थान में आयोजित होने वाले 'राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट' में ब्रिटिश निवेशकों की सहभागिता पर चर्चा की। साथ ही, मुख्यमंत्री ने राजस्थान में निवेश के अवसरों, आर्थिक विकास की संभावनाओं तथा प्रदेश की निवेश अनुकूल नीतियों के बारे में ब्रिटिश उप उच्चायुक्त के साथ जानकारी साझा की। श्री हिकलिंग ने मुख्यमंत्री को सौर ऊर्जा क्षमता में देशभर में राजस्थान के पहले स्थान पर रहने पर बधाई भी दी।

000

प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान के तहत आज जयपुर के केन्द्रीय सदन में स्वच्छता के प्रति महात्मा गांधी के दर्शन को समर्पित बड़े चित्र लगाये गये। केन्द्रीय संचार ब्यूरो और पत्र सूचना कार्यालय की अपर महानिदेशक ऋतु शुक्ला ने बताया कि केन्द्रीय सदन के बाहरी परिसर में इन चित्रों को दर्शाने का उद्देश्य स्वच्छता के प्रयासों में नागरिकों की भागीदारी और सामूहिक कार्यो की भावना को जागृत करना है। केंद्रीय सदन में "स्वच्छता ही सेवा" संदेश के साथ सेल्फी बूथ भी लगाया गया है।

पाली जिले के रानी में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मे मानव श्रृंखला बनाकर और शपथ लेकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। बाली में विद्यार्थियों को घर, स्कूल, आंगनबाड़ी, सार्वजनिक स्थल और गांव की स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

स्वच्छता ही सेवा और सम्पूर्णता अभियान को लेकर आज सवाईमाधोपुर के डेकवा गांव में केन्द्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से जन जागरूकता के कार्यक्रम हुए। इस मौके पर महिला और बाल विकास विभाग की उप निदेशक प्रियंका शर्मा ने पोषण माह और पोषण के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बच्चों में कुपोषण की समस्या को खत्म करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा राष्ट्रीय पोषण अभियान की शुरुआत की गई है। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों और ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई तथा एक पेड़ मां के नाम अभियान के अन्तर्गत विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। श्रीगंगानगर में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज स्वच्छता निबंध प्रतियोगिता हुई।

000

जोधपुर में चल रही 53वीं केवीएस राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता के तहत आज हैंडबॉल स्पर्द्धा के सेमीफाइनल मुकाबले खेले गये। पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में पहला सेमीफाइनल पटना संभाग और देहरादून संभाग और बैंगलोर संभाग के बीच खेला जा रहा है। पिछले तीन दिनों से चल रहे लीग मैचों में सभी प्रतिभागियों की टीमों में उत्साह और प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। आज सुबह हुए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में भी कड़ी टक्कर देखने को मिली। फाइनल मुकाबला कल आयोजित होगा।

000

सवाईमाधोपुर के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा "अंतर्राष्ट्रीय ओजोन दिवस" मनाया गया। इस अवसर पर राज्य मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी बलजीत मीना ने ओजोन परत को संरक्षित करने के बारे में विस्तार से बताया। मण्डल की ओर से स्कूल में चित्रकला, प्रश्नोत्तरी और निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों को कपड़े के थैले वितरित कर प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील की गई।

000

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने खाद्य सुरक्षा प्रणाली में सुधार के लिए निरंतर सहयोग और नवाचार का आह्वान किया है। आज नई दिल्ली में वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन का उद्‌घाटन करते हुए श्री नड्डा ने कहा कि तेजी से हो रहे वैश्वीकरण, तकनीकी प्रगति और बढ़ती उपभोक्ता प्राथमिकताएं खाद्य प्रणालियों को नया रूप दे रही हैं। उन्होंने बढ़ते खाद्य उत्पादन, उपभोग के रुझान और वैश्विक व्यापार के अनुरूप खाद्य मानक तैयार करने में स्वास्थ्य मंत्रालय और भारतीय खाद्य संरक्षा तथा मानक प्राधिकरण–एफ.एस.एस.ए.आई. की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी जोर दिया।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि भोजन में कीटनाशकों के अवशेष मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा करते हैं। उन्होंने कहा कि जैविक खेती और वैकल्पिक कीट नियंत्रण विधियों को बढ़ावा देने के भारत प्रयास कर रहा है लेकिन वैश्विक स्तर पर भी ऐसे प्रयासों की जरूरत है। श्री नड्डा ने कहा कि हाल ही में, रिपोर्टों से मनुष्यों में माइक्रो प्लास्टिक की मौजूदगी का पता चला है जो चिंता की बात है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के अनुकूल पैकेजिंग विधियां विकसित करने में भारत के प्रयास महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने खाद्य सुरक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान को बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन की स्थापना की घोषणा की है।

000